डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 268 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 12 जुलाई 2024 | मूल्य 2 रुपया







## बारिश का इंतजार, पानी संभालने में लापरवाही...

# पिछले साल से भी नीचे चला गया जलस्तर

**कहीं शो पीस बने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तो कहीं लगे ही नहीं**

**मंदसौर, 11 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** फिलहाल बारिश का इंतजार है। प्रार्थनाओं का दौर भी शुरु हो गया है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पानी को संभालकर रखने में की जा रही लापरवाही बरकरार है। यहीं कारण है कि पिछले साल से भी भू जलस्तर और ज्यादा नीचे चला गया है। सबसे ज्यादा स्थित सीतामऊमें खराब है। 2004 के बाद से तो मंदसौर और सीतामऊ विकासखंड को भू जल का अति विदोहन होने के कारण डार्क क्षेत्र घोषित कर रखा है। प्रदेश की बात करें तो मंदसौर नीमच जिला डार्क जोन में है। इधर जमीन का जल संभालने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग अभियान कागजों में चल रहा है। सरकारी दफ्तर ही इसका पालन नहीं कर रहे। नगर पालिका परिषद के भवन में ही यह सिस्टम नहीं लगा है। इधर 50 प्रतिशत से अधिक शासकीय भवन ऐसे हैं जहां यह सिस्टम नहीं लगे हैं, जहां लगे हैं, वहां भी शोपीस बने हैं तो कई जगह टूट-फूट गए हैं।

### अभियानों की निकली हवा, कागजों में सिस्टम

जिले में वर्ष 2016 में ग्राम उदय से भारत उदय अभियान और फिर 2018 में जल शक्ति अभियान के तहत जल संग्रहण पर जोर दिया गया था। जिले की 440 पंचायत भवनों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लक्ष्य के साथ ही सभी शासकीय भवन, स्कूल और आंगनबाड़ी भवनों में सिस्टम लगाना तय किया गया। लेकिन किसी ने निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया। अभी तक जिले भर में 50 फीसदी पंचायत भवनों पर ही वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लग पाए हैं। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो अधिकांश शासकीय भवनों, आंगनबाड़ी भवनों और नगर परिषदों में भी सिस्टम कागजों में ही लगे हैं, हकीकत में बारिश का पानी सहेजने की बजाय हर साल व्यर्थ बह रहा है। मंदसौर नगर पालिका भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर गंभीर नहीं है।

### भवन निर्माण में नपा लेती सिस्टम के रुपए

नपा द्वारा भवन निर्माण अनुमति के समय लोगों से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए राशि ली जाती है। भवन की साइज के अनुसार सात, 10 व 15 हजार रुपये लिए जाते हैं। जो लोग यह सिस्टम लगा लेते हैं, उन्हें यह राशि वापस दी जाती है, जो नहीं लगा पाते उनकी राशि नपा में जमा रहती है, जिससे सिस्टम लगवाया जाता है। लेकिन निर्माण होने वाले भवनों में न तो निर्माणकर्ता और न ही नपा सिस्टम लगा रही है। इधर शहर में भवन निर्माण तो धड़ल्ले से हो रहे हैं, लेकिन वाटर सिस्टम लगाने पर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

**पिछले साल और इस वर्ष भू जलस्तर पर एक नजर**

| विकासखंड | जून 2023 | जून2024 |
|---|---|---|
| मंदसौर | 11.25 | 11.52 |
| सीतामऊ | 11.44 | 11.63 |
| गरोठ | 11.38 | 11.52 |
| भानपुरा | 9.33 | 9.62 |
| मल्हारगढ़ | 11.07 | 11.28 |

(जानकारी मीटर में है, जो भूजल विभाग द्वारा प्राप्त)

### सरकारी विभाग बचा सकती सवा दो करोड़ लीटर पानी

जिले में सभी शासकीय भवनों पर ही सिस्टम लग जाए तो हर साल बारिश का दो करोड़ लीटर से अधिक पानी सीधे धरती में संग्रहित किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार 750 वर्गफीट की एक छत से 30 इंच बरसात में करीब 54 हजार लीटर पानी जमीन में उतारा जा सकता है। ऐसे में जिले की ग्राम पंचायत और शासकीय भवनों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाता है तो हर साल होने वाली बारिश में 2.37 करोड़ लीटर पानी जमीन में उतारा जा सकता है।

## कार की टक्कर से मामा–भांजे घायल

**दलौदा, 11 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** हाईवे पर ग्राम सोनगरी फंटे के समीप गुरुवार सुबह कार की टक्कर से मामा और भांजे घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार विष्णु पिता भेरुलाल जाति ब्राहम्ण निवासी नया नगर जावरा आईए क्षेत्र एवं उसका मामा जगदीश गुरुवार को नीमच के पालसोड़ा गांव में किसी कार्यक्रम में गए थे। लौटते समय सोनगरी फंटे के समीप कार क्रमांक जीजे 03 केएच 0543 से उनकी बाईक में टक्कर हो गई। इससे विष्णु और जगदीश घायल हो गए। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

## जुंआ खेलते आठ जनें पकड़ाए, 18 हजार नकदी सहित 7 बाईक बरामद

**मंदसौर, 11 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नई आबादी थाना पुलिस ने सूचना पर जुंआ खेलते आठ जनों को रंगे हाथों पकड़ा है। जिनके कब्जे से 18 हजार रूपए नकदी बरामद की गई है। मौके से मिली 7 बाईक को जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि छाजूखेड़ा गांव के मगरे पर कुछ लोग जुंआ खेल रहे हैं। इस पर एक टीम ने छाजूखेड़ा मगरे पर श्मशान के पास घेराबंदी की। यहां मौके से खिलचीपुरा निवासी मोहसिन पिता आबिद हुसैन अंसारी, शाहिद पिता इलियास अंसारी, साजिद हुसैन पिता इस्माइल हुसैन अंसारी, शहजाद उर्फ काला जलील अंसारी, आमीन पिता शफी अंसारी एवं गबरू पिता अजीज मौलाना अंसारी निवासी शिखाचौक, इमरान निवासी शहर किला, गुड्डू पिता बारीक हुसैन अंसारी निवासी शहर किला को हिरासत में लिया गया। सभी के कब्जे से 18 हजार 500 रुपए नकद एवं 7 बाइक मिली है।



**पूर्व में पार्षद राम कोटवानी ने नपा की दुकानों के जीर्णोद्धार का उठाया था मुद्दा, अमल होना बाकी...**

# नपा दुकानों की गैलरी का मलबा गिरा, एक युवक चोटिल

**कालका माता मंदिर के पीछे स्थित नपा की दुकानों पर हुई घटना**

**मंदसौर, 11 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। नगर पालिका परिषद द्वारा मंदसौर शहर के विभिन्न स्थानों पर व्यावसायिक दुकानें बनाई गई है, जिसके जीर्णोद्धार की जरूरत समझी जा रही है। लेकिन, इस दिशा में नपा की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पूर्व में पार्षद के तौर पर राम कोटवानी द्वारा परिषद की बैठक में नपा की दुकानों के जीर्णोद्धार का मुद्दा उठाया जा सका है, जिस पर अमल नहीं हो पाया है। नपा की दुकानों के ऊपर छतों की नीलामी प्रक्रिया भी अटकी हुई है। गुरुवार को जब कालका माता मंदिर के पीछे वाले क्षेत्र में नपा की दुकानों पर बनी गैलरी का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर गया। इससे एक युवक चोटिल भी हुआ है। ऐसी स्थिति में नपा की दशकों पूर्व बनी हुई दुकानों के जीर्णोद्धार की जरूरत है, जिसकी अनुमति संबंधित दुकानदारों को दी जानी चाहिए, ताकि गुरुवार को जिस तरह से दुकान की गैलरी का मलबा गिरा है, उस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो सके।**

व्यावसायिक दुकानों की गैलरी का मलबा गिरने की घटनाएं पिछले दो माह में यह तीसरी है। पहली घटना हॉफिज कॉलोनी क्षेत्र में हुई थी, जहां भी दुकान के ऊपर के हिस्से का मलबा गिरा था। दूसरी घटना नेहरु बस स्टैंड क्षेत्र में हुई। यहां नाकोड़ा कॉम्पलेक्स में छत के हिस्से का एक बड़ा मलबा गिरा था। नीचे खड़ी एक मोटर साईकिल भी क्षतिग्रस्त हुई थी। तीसरी घटना गुरुवार को कालका माता मंदिर के पीछे क्षेत्र में नपा की दुकान के गैलरी से मलबा गिरने की हुई है। हालांकि दो घटनाओं में किसी भी व्यक्ति के चोटिल होने के समाचार प्राप्त नहीं हुए थे, लेकिन गुरुवार को एक युवक के हल्ला चोटिल होने की जानकारी प्राप्त हुई है। बता दें कि मलबा गिरने की घटना में नेहरु बस स्टैंड क्षेत्र में ही अग्रवाल धर्मशाला की बनी दुकानों में हुई थी। इसे लम्बा समय बीत गया है। तब धर्मशाला की दुकानों के छत की गैलरी का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर गिरा था। गनीमत रही कि कोई घायल नहीं हो पाया।












गरदुल्लों पर कार्रवाई कर नशे के कारोबार को ध्वस्त करने का प्रयास...

# मगरमच्छों को माफी, मछलियों पर कार्रवाई..!

**मंदसौर, 11 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** वैसे तो सभी को पता है कि शहर में कई जगहों पर स्मैक आसानी से उपलब्ध हो रही है। लेकिन, पुलिस स्मैकचियों को पकड़कर नशामुक्त करने के प्लान में जुटी है। नशे के मुख्य सौदागरों तक पहुंचने में कानून के हाथ छोटे पड़ रहे हैं। पुलिस ने एक स्मैकची को पकड़कर फिर साबित कर दिया कि शहर में स्मैक के सौदागर सक्रिय है।

पुलिस के अनुसार शहर से सटे गोपालकृष्ण गौशाला के पास झाड़ियों में इमरान पिता सलीम शेख 29 वर्ष निवासी मदारपुरा को सिल्वर रंग की पन्नी में अधजली स्मैक का नशा करते हुए पकड़ा है। उस पर एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। स्मैक का नशा करने के लिए निश्चित रूप से यह स्मैक मंदसौर से ही खरीदी गई होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पुलिस डोडाचूरा या अफीम या एमडी पकड़कर जिस तरह से तार से तार जोड़कर आरोपियों को पकड़ती है। अगर इस मामले में यह पता किया जाए कि स्मैक किससे लाई गई थी तो आसानी से नशे के सौदागरों तक पहुंचा जा सकता है। हालांकि पुलिस के अनुसार मामले में जांच जारी है।

### अपराध की दुनिया में कदम रख रहे गरदुल्ले

स्मैक के लिए रुपया जुटाने के लिए नशाखोर अपराध की दुनिया में कदम रख रहे हैं। जनवरी 2023 में दशरथ नगर में एक महिला की हत्या स्मैक के लिए की गई। सिर्फ एक लौटा जिसे बेचकर स्मैक खरीदी जाने वाली थी, उसके लिए महिला को मौत के घाट एक स्मैक के आदी ने उतारा था। इसके अलावा छोटी मोटी चोरियां भी इनके द्वारा अंजाम दी जा रही है।

### रिपोर्ट के बाद चलाया था ऑपरेशन प्रहार

दो साल पहले नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा केंद्र सरकार को सौंपी रिपोर्ट में भी मंदसौर जिले में नशे का व्यापार बड़े पैमाने पर होने का दावा किया था। पूर्व सीएम शिवराजसिंह चौहान के निर्देश के बाद नारकोटिक्स पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार शुरू किया। नशे का व्यापार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई व नशे करने वालों के इलाज को लेकर कार्रवाई के दावे किए गए। लेकिन न नारकोटिक्स पुलिस और न ही थाना पुलिस मंदसौर को नशामुक्त नहीं बना सकी।

### सालभर में 200 लोग पहुंचते हैं इलाज कराने

एक अनुमान के मुताबिक जिले में औसत 8 हजार लोग अफीम, डोडाचूरा व स्मैक का नशा करते हैं। हालांकि इलाज के लिए सालभर में 200 लोग ही पहुंच पाते हैं। ये भी वे लोग होते हैं जिनके परिवारजन इस नशे से परेशान होते हैं। संपन्न परिवार के लोग लोकलाज के चलते जिले से बाहर ही इलाज कराते हैं।

### दो सौ रुपए तक मिल रही स्मैक की पुड़ियां

नीमच नशामुक्ति केंद्र पर इलाज करा रहे एक व्यक्ति ने बताया कि मंदसौर, सीतामऊ, सुवासरा में स्मैक की पुड़िया 150 से 200 रुपए में मिल जाती है। मंदसौर में भी इसके कई सप्लायर हैं। ग्राहक के पहुंचते ही साइड में ले जाकर रुपए लेकर पुड़िया दे देते हैं। नीमच में 300 रुपए में पुड़िया मिलती है।

### पत्नी तो छोड़ ही गई, घर भी बिक गया

नीमच केंद्र पर इलाज करा रहे मंदसौर के 41 वर्षीय मरीज ने बताया कि नशे में उसका पूरा घर बर्बाद हो गया। पत्नी छोडक़र चली गई। आधा मकान बिक गया। ऐसे कई मामले है जिसमें इस खतरनाक नशे से कई घर बर्बाद हो चुके हैं।

### कोडवर्ड बोलने पर समझ जाते ग्राहक है

केंद्र पर सीतामऊ तहसील के एक गांव के 30 वर्षीय व्यक्ति ने बताया मंदसौर, नीमच में सप्लायरों द्वारा स्मैक की पुड्िया का कोड्वर्ड रखा जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति सप्लायर के पास जाकर स्मैक का आदी कोडवर्ड का उपयोग करता है तो समझ जाते हैं कि यह ग्राहक है।



### तैलिया तालाब में जल सत्याग्रह

तैलिया तालाब के डूब क्षेत्र में कट रही कॉलोनियों के संदर्भ में गुरुवार को हिंदू युवा वाहिनी ने तालाब में उतरकर जल सत्याग्रह किया, एक तरह से प्रशासनिक नुमाइन्दों को चेताया गया है। युवा वाहिनी सदस्यों ने प्रशासन से डूब क्षेत्र में कॉलोनियां कटने पर नियम अनुसार लगाम लगाने की मांग की है।



स्मैक बरामदगी की पुलिस कहानी में विरोधाभास सामने आया!...

## 976 ग्राम स्मैक बरामद, 16 तक रिमांड पर आरोपी

**पिपलियामंडी, 11 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया थाना पुलिस द्वारा 976 ग्राम स्मैक बरामदगी के मामले में विरोधाभास सामने आया है। पुलिस प्रेस नोट में बाइक (एमपी 14 एनएफ 1479) पर सवार लसुड़ावन (अफजलपुर) निवासी कैलाश पिता कन्हैयालाल लोधा को कनघट्टी मार्ग पोवल्ली फन्टे पर वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ना बताया है। आरोपी के कब्जे से 976 ग्राम स्मैक मिली है। यह भी दर्शाया कि जावरा निवासी किसी जासिन को वह स्मैक देने जा रहा था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है। उधर, आरोपी को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 16 जुलाई तक रिमांड पर लिया गया है। रिमांड अवधि में उससे स्मैक खरीद–फरोख्त के संबंध में जानकारी जुटाई जाएगी।

हालांकि, पुलिस कहानी में विरोधाभास यह सामने आया कि आरोपी लसुड़ावन का रहने वाला है और स्मैक जावरा ले जा रहा था तो वह पिपलियामंडी में कनघट्टी पोवल्ली फन्टे पर क्यों आया ? लसुड़ावन से जावरा का रास्ता नजदीक है, पोवल्ली फन्टे से जावरा जाने के लिए कोई मार्ग नहीं है।

## भगवान श्रीकृष्ण के भक्तों के लिए नया तीर्थ बनेगा मध्य प्रदेश, सरकार ने की ये शुरुआत

**उज्जैन, 11 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** ब्रज भूमि की के बाद मध्य प्रदेश श्रीकृष्ण भक्तों के लिए नया तीर्थ बनने जा रहा है। प्रदेश सरकार ने श्रीकृष्ण पाथेय के रूप में इसकी शुरुआत कर दी है। भगवान श्रीकृष्ण प्रदेश में जिन शहरों से होकर गुजरे वहां प्राचीन मंदिर व तीर्थ मौजूद हैं। नए स्थानों पर इस्कान प्रबंधन द्वारा मंदिर बनाए जाएंगे।

श्रीकृष्ण भक्ति के प्रचार प्रसार के लिए इस्कान प्रबंधन द्वारा 17 स्थानों से रथ यात्रा निकाली जा रही है। इस्कान मंदिर के पीआरओ राघव पंडित दास प्रभु ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण उज्जैन के सांदीपनि आश्रम, ग्राम नारायणा, धार के अमझेरा और बदनावर भी आए थे। भगवान के जहां-जहां चरण पड़े हैं, उन स्थानों को श्रीकृष्ण पाथेय योजना के तहत राज्य सरकार संवारेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के बाद इन स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस्कान मंदिर प्रबंधन भी श्रीकृष्ण गमन पथ के रूप में चिह्नित प्रदेश के प्रमुख शहरों में मंदिर निर्माण की योजना बना रहा है। बदनावर में मंदिर निर्माण शुरू हो चुका है। जल्द ही सागर व बीना में मंदिर निर्माण शुरू होगा। प्रदेश में कृष्ण भक्ति के प्रचार-प्रसार के लिए इस वर्ष 17 स्थानों से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी। परम पूज्य भक्त प्रेम स्वामीजी महाराज के मार्गदर्शन में निकाली जा रही इन यात्रा की शुरुआत सात जुलाई को उज्जैन से हुई है। आठ जुलाई को बदनावर व बीना, नौ जुलाई को टीकमगढ, 10 जुलाई को छिंदवाड़ा में यात्रा निकल चुकी है।

यशोधर्मन नगर थाना पुलिस को मिली सफलता, ट्रक सहित 60 लीटर जहरीली शराब बरामद...

## मंदसौर में पकड़ाए नरसिंहपुर जिले में लूट व पुलिस वाहन पर हमला करने वाले तीन आरोपी

**मंदसौर, 11 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** यशोधर्मन नगर थाना निरीक्षक संदीपसिंह मंगोलिया एवं उनकी टीम ने गुरुवार को एक ऐसे अंतराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को पकड़ा है, जो लूट, अपहरण एवं जानलेवा हमले के अपराधी रहे हैं। मुखबीर सूचना पर इन्हें गुराड़िया फंटे से घेराबंदी कर दबोचा गया। दो आरोपी ट्रक में सवार थे, जिसमें 60 लीटर कच्ची जहरीली शराब भी मिली है। आरोपियों ने नरसिंहपुर जिले में टायरों से भरे कंटेनर को लूटा था। इसी जिले में लूट की घटना में पीछा करने पर पुलिस वेन को भी बार–बार जानलेवा हमले की नियत से टक्कर मारी थी।



यशोधर्मन नगर थाना पुलिस के अनुसार मुल्तानपुरा चौकी को मुखबीर सूचना प्राप्त हुई थी। इस संदर्भ में टीम गठित कर आगे की कार्रवाई की गई। हाईवे पर गुराड़िया फंटे के यहां घेराबंदी की गई। यहां ट्रक क्रमांक आरजे 14जीजे 3759 में शराब मिलने की जानकारी मिली थी। ट्रक की तलाशी में केबिन के अंदर से 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी की जहरीली शराब मिली। मौके से आरोपी शमीम पिता मकसूद मेव 31 वर्ष निवासी अटेरना शमसाबाद थाना नगीना जिला मुंह हरियाणा एवं मुकीम पिता शाहबुद्दीन मेव 25 वर्ष निवासी ग्राम ग्वालदा थाना टपोकड़ा जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया। थाने लाकर इनसे पूछताछ की गई। ट्रक मालिक हासम पिता मकसूद मेव 40 वर्ष निवासी अटेरना हरियाणा को तकनीकी का उपयोग कर पकड़कर गिरफ्तार किया गया। तीनों से सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें मालूम हुआ कि 7 जुलाई 2024 को नरसिंहपुर जिले के थाना मुंगावली क्षेत्र में इन्होंने एक टायरों से भरे कंटेनर को लूटा था। कंटेनर लूटकर ले जाते समय पुलिस द्वाररा पीछा कर रोकने पर थाना सुआतला क्षेत्र में इन्होंने पुलिस वेन को बार–बार टक्कर मारी थी। इसमें सुआतला थाना का स्टॉफ घायल हुआ था। गिरफ्तार आरोपी अंतराज्यीय मेवाती गैंग से हैं, जो हाईवे पर सुनसान रास्तों पर ट्रक को लूटते हैं तथा माल सहित फरार हो जाते हैं। आरोपियों से गैंग के संदर्भ में पूछताछ की जा रही है।

पशुपतिनाथजी मंदिर के दो गर्भगृह सहित छह दान पात्र खोल गए, 18 लाख 59 हजार प्राप्त...

## जिला सहकारी बैंक में जमा हुई पशुपतिनाथजी मंदिर की दानराशि

**आज भी जारी रहेगी गणना, और दानदात्र खुलेंगे, 30 लाख तक दानराशि पहुंचने की उम्मीद**

**मंदसौर, 11 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** करीब दो माह बाद पशुपतिनाथजी महादेव मंदिर के दानपात्र गुरुवार सुबह खोले गए। गर्भगृह की दो बड़ी दानपेटी सहित कुल छह दानपेटियां गुरुवार को खोली गई थी, जिसमें 18 लाख 59 हजार 300 रुपए का चढ़ावा पशुपतिनाथजी के भक्तों ने अर्पित किया है। दानराशि की गणना आज भी जारी रहेगी। आज भी अन्य दानपेटियां खोली जाएंगी। चिल्लर की गिनती सहित कुल चढ़ावा 30 लाख के आसपास पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। बता दें कि पिछले बार कलेक्टर द्वारा मंदिर क्षेत्र का अवलोकन किया गया था, जिसमें उन्होंने दानराशि को जिला सहकारी बैंक में जमा कराने संबंधी निर्देशित किया था। इसी निर्देश के तारतम्य में जिला सहकारी बैंक की मुख्य शाखा में मंदिर समिति द्वारा खाता खुलवाया गया। गुरुवार को जितनी दानराशि की गणना की गई है, वह सभी सहकारी बैंक में जमा करवाई गई है।

सावन माह की शुरुआत 22 जुलाई को होने जा रही है। इसके चलते पशुपतिनाथ मंदिर समिति ने मंदिर की दानपेटियां खोलने का निर्णय लिया है। वैसे भी दानपात्र को खोले हुए करीब दो महीने होने को आए थे। बताते हैं कि गर्भगृह की दानपेटी भर गई थी, ऐसी स्थिति में गुरुवार को दानपात्र खोलने का निश्चय हुआ है। सावन माह में इस बार पांच सावन सोमवार आ रहे हैं। ऐसे



में पूरे सावन माह में भक्ति की बयार बहेगी। सावन माह में भी पशुपतिनाथजी मंदिर की दानपटियां में भक्तजन चढ़ावा अर्पित करेंगे, जिसमें अच्छा चढ़ावा प्राप्त होने का अनुमान है। गुरुवार को कुल दानराशि कीं गणना में 18 लाख 59 हजार 300 रुपए प्राप्त हुए हैं। शेष राशि की गणना आज शुक्रवार को की जाएगी। गुरुवार को दानपात्र से नेपाल, सऊदी अरब आदि देशों की करेंसियां भी प्राप्त हुई है।

## सरकारी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में ऑनलाइन कॅरियर मार्गदर्शन

**मंदसौर, 11 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के सरकारी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिये कैरियर मार्गदर्शन होगा। इसके लिये नोडल शिक्षकों को वेबिनार के माध्यम से प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई है। वर्तमान में विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिये यू-रिपोर्ट के माध्यम से लाईव-11 कोस का उपयोग प्रदेश के सीएम राइज और पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थी उपयोग कर रहे हैं। कैरियर मार्गदर्शन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय की समझ एवं कैरियर के महत्व को समझाना और कक्षा 10वीं के बाद विषय संबंधित निर्णय लेने में सहायक बनाना है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध कैरियर के बारे में जानकारी दी जायेगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को आगे चलकर स्वयं का व्यवसाय और उद्यमशीलता के बारे में जानकारी दी जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि इसके लिये वे संबंधित विद्यालयों में नेटवर्क कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाये। वेबिनार में विद्यार्थी अपनी शंका का समाधान और जिज्ञासा चैट में प्रश्न कर सकते हैं।

**प्रदेश के 4473 विद्यालयों में नर्सरी, केजी-1 और केजी-2 कक्षाओं का होगा संचालन**–प्रदेश के पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन ऐसे विद्यालयों में किया जायेगा जिनके परिसर में आंगनवाड़ी संचालित नहीं है। प्रदेश में 4473 विद्यालयों को चिन्हित किया गया है। जहाँ कक्षा एक से 12, एक से 10वीं, एक से 8वीं और एक से पाँचवी के विद्यालय हैं, जिनके परिसर में आंगनवाड़ी संचालित नहीं है। ऐसे विद्यालयों में नर्सरी, केजी-1 और केजी-2 का संचालन किया जायेगा। इसके लिये जिला शिक्षा अधिकारी को शाला सत्यापन के साथ इनके प्रमाणीकरण के लिये भी कहा गया है।

मध्यप्रदेश को केंद्र से मिलेगी 40 चलित लैब, तत्काल मिलेगी रिपोर्ट...

## अब जिलों में घूम-घूम कर इकट्ठा करेंगे खाद्य सैंपल

**भोपाल, 11 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** खानपान की चीजों की शुद्धता जांचने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में चलित लैब की व्यवस्था होगी। अभी 15 जिलों में यह लैब संचालित हो रही हैं। अन्य 40 जिलों के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से लैब मिलने वाली हैं।

### पूरे जिले में घूमकर लेंगी सैंपल

यह लैब पूरे जिले में घूमकर सैंपल लेंगी। रहवासी क्षेत्रों में भी पहुंचेंगी, जहां लोग निगरानी के लिए खानपान की चीजों की जांच करा सकेंगे। इस लैब से मात्र निगरानी (सर्विलांस) सैंपलों की जांच की जा सकेगी, यानी जांच रिपोर्ट अमानक आने पर भी कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं की जा सकेगी। जांच रिपोर्ट तत्काल मिल जाएगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि इसी वर्ष प्रदेश के लिए 40 चलित लैब के लिए एफएसएसएआई को प्रस्ताव भेजा गया था। जिस पर प्राधिकरण ने सहमति दे दी है। ऐसे में आशा है कि इस वर्ष अंत तक प्रदेश को लैब मिल जाएंगी। इसके साथ ही प्रदेश के सभी 55 जिलों में चलित लैब संचालित होने लगेंगी। जिले में लैब के भ्रमण का पूरे एक माह का कार्यक्रम तय किया जाएगा कि कब कहां जाएगी। बता दें कि पहले चरण में संभागीय मुख्यालय वाले नौ जिलों के लिए लैब मिली थीं। इसके बाद छह और आई थीं।

### चलित खाद्य लैब से यह होगा लाभ

✻ लैब में केमिस्ट की तैनात किया जाएगा। वह साप्ताहिक बाजार, मेला आदि पहुंचकर मिलावटी चीजों की पहचान के बारे में बताएंगे। ✻ दूध में पानी या डिटर्जेंट की मिलावट का पता किया जा सकेगा। ✻ बार-बार उपयोग होने वाला तेल की गुणवत्ता पता की जा सकेगी। ✻ राज्य खाद्य प्रयोगशाला में सैंपलों का दबाव कम होगा। ✻ ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों की आसानी से जांच हो जाएगी।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग के कर्मचारियों ने किया पौधारोपण



**मंदसौर, 11 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए जिले भर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों द्वारा कार्यालय परिसरों में वृक्षारोपण किया गया। पेड़ों का महत्व सिर्फ प्रकृति का हिस्सा होने से कहीं अधिक है, वे ग्रीनहाउस गैसों को कम करके जलवायु परिवर्तन से निपटने में सक्रिय रूप से मदद करते हैं। इसके अतिरिक्त, पेड़ हमारी त्वचा और आंखों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करते हुए हानिकारक यूवी किरणों से सुरक्षा प्रदान करते हैं।इन पर्यावरणीय लाभों के अलावा, पेड़ मूल्यवान संसाधनों के रूप में भी काम करते हैं।सामाजिक संगठन और स्वयंसेवी संस्थाएं भी इस अभियान में भागीदारी निभाकर जगह-जगह पौधे रोपित कर रही हैं।

### बेलारी व सूरजनी के बीच सड़क दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु, एक गंभीर

**सीतामऊ, 11 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बेलारी और सूरजनी के समीप 8–लेन में सड़क दुर्घटना में गुरुवार तड़के एक युवक की मृत्यु हो गई, वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस के अनुसार बेलारी के निकट अल्टो कार में सवार दो युवकों को घायल अवस्था में देखा गया। तब रात्रि में 8 लेन सड़क कंपनी की एम्बुलेंस से घायलों को मंदसौर बड़े अस्पताल लाया गया। यहां उपचार के दौरान कृष्णा पिता मूलचंद ग्वाला निवासी गरोठ ने दम तोड़ दिया, वहीं उसका साथी गंभीर है, जो बोल नहीं पा रहा है। दुर्घटना किस तरह से हुई, इसकी जानकारी अप्राप्त है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## दलौदा महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न



**मंदसौर, 11 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार पंच-ज अभियान अन्तर्गत विशेष वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर श्री सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा दिनांक 11 जुलाई, 2024 को स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय दलौदा, जिला मंदसौर में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से विशेष वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला न्यायाधीश श्री सिद्धार्थ तिवारी ने उपस्थित स्टॉफ एवं विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे रोपित किये गये पौधों को गोद लेकर उनके संरक्षण हेतु समस्त प्रयास करें। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार, स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय दलौदा के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री हेंमत धनोतिया एवं प्राचार्य श्री दिनेश चंद्र गुप्ता सहित प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**नाम परिवर्तन सूचना !**

मेरा नाम पूर्व में इशाक मोहम्मद (ISHAK MOHAMMED) था, अब कागजात में मेरा नाम इशाक मोहम्मद मंसूरी (ISHAK MOHMMAD MANSURI) दर्ज किया गया है।

अत: मुझे अब इशाक मोहम्मद मंसूरी (ISHAK MOHMMAD MANSURI) के नाम से जाना जावे।

– इशाक मोहम्मद मंसूरी
(ISHAK MOHMMAD MANSURI)
मकान नं. 318 Y, बोलिया
तह. गरोठ, जिला–मंदसौर (म. प्र.)
Pin Code-458880




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in